परदे में रहने दो पर्दा ना उठाओ भजन लिरिक्स

परदे में रहने दो पर्दा ना उठाओ,
परदे में रहने दो पर्दा ना उठाओ,
आज ग़ज़ब कर डाला,
कोई नज़र लगाएगा,
परदें में रहने दो पर्दा ना उठाओ।bd।

इसके नाम है एक खराबी,
नज़रें बहुत मिलता है,
धीरे धीरे मुस्काता और,
आँखों को मटकाता है,
ले गया कोई बहलाकर,
फिर हाथ ना आएगा,
परदें में रहने दो पर्दा ना उठाओ।bd।

ऊपर वाले ने बाबा को,
सुन्दर बहुत बनाया है,
ऊपर से इसके भक्तों ने,
वाह वाह खूब सजाया है,
सांवरिया को बनडा बनाना,
महंगा पड़ जाएगा,
परदें में रहने दो पर्दा ना उठाओ।bd।

वृन्दावन में जाकर देखो,
कैसे पर्दा करते हैं,
एक झलक पाने की खातिर,
कैसे भक्त उछलते हैं,
साथ किसी के चला गया तो,
फिर पछताएगा,
परदें में रहने दो पर्दा ना उठाओ।bd।

'बनवारी' भक्तों से प्यारी,
प्यारी बातें करता है,
है ये बिलकुल भोला भाला,
चालाकी ना समझता है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बैठा बैठा भक्तों से ये,
नैन लड़ाएगा,
परदें में रहने दो पर्दा ना उठाओ।bd।

परदें में रहने दो पर्दा ना उठाओ,
परदें में रहने दो पर्दा ना उठाओ,
आज ग़ज़ब कर डाला,
कोई नज़र लगाएगा,
परदें में रहने दो पर्दा ना उठाओ।bd।

Singer – Mukesh Goel

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com